# नेशनल लोक अदालत सिवनीमालवा, जिला–नर्मदापुरम (म0प्र0)

**{पीठासीन अधिकारी–श्रीमती तबस्सुम खान, सिवनी मालवा, जिला–नर्मदापुरम (म0प्र0)}**

| | |
|---|---|
| Registration No. | RCSHM 82/2022 |
| Filling No. | RCSHM 327/2022 |
| CNR No. | MP05070015362022 |
| Date Of Institution | 17-10-2022 |

देवकुमार साध आत्मज श्री महेश कुमार साध उम्र करीब 23 वर्ष,
निवासी ग्राम चौतलाय,
तहसील–सिवनीमालवा, जिला–नर्मदापुरम (म0प्र0)

**........................................ याचिकाकर्ता**

**विरूद्ध**

सलौनी लौवंशी पत्नि देव कुमार आयु करीब 19 वर्ष, निवासी ग्राम चौतलाय,
तहसील–सिवनीमालवा, जिला–नर्मदापुरम (म0प्र0)

**...........................................प्रत्यर्थी**

..............................................................................................................................

**नेशनल लोक अदालत (खण्डपीठ क्रमांक–23)**

**11-05-2024**

याचिकाकर्ता सहित श्री आनंद भार्गव अधिवक्ता उपस्थित।

प्रत्यर्थी सहित श्री शैलेन्द्र सिन्हा अधिवक्ता उपस्थित।

प्रकरण नेशनल लोक अदालत की खण्डपीठ क्रमांक 23 के समक्ष निराकरण हेतु प्राप्त हुआ।

उभयपक्षों ने संयुक्त रूप से लिखित एवं हस्ताक्षरित आवेदन पत्र प्रस्तुत कर व्यक्त किया कि याचिकाकर्ता एवं प्रत्यर्थी के मध्य राजीनामा हो गया है, उनके आपसी मतभेद समाप्त हो चुके हैं, दोनों के मध्य मधुर संबंध स्थापित हो गये हैं। अतः राजीनामा आवेदन पत्र स्वीकार कर नेशनल लोक अदालत में निराकरण का निवेदन किया है।

याचिकाकर्ता की पहचान श्री आनंद भार्गव अधिवक्ता द्वारा की गई है एवं प्रत्यर्थी की पहचान श्री

शैलेन्द्र सिन्हा अधिवक्ता द्वारा की गई है।

उभयपक्षों द्वारा प्रस्तुत राजीनामा आवेदन पत्र का परिशीलन किया गया।

प्रकरण के अवलोकन से स्पष्ट है कि याचिकाकर्ता एवं प्रत्यर्थी द्वारा संयुक्त रूप से लिखित एवं हस्ताक्षरित राजीनामा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, उनके द्वारा पहचान के संबंध में अपने–अपने आधार कार्ड की छायाप्रति भी प्रस्तुत की गई है। आवेदन से यह भी स्पष्ट है कि उनके आपसी मतभेद समाप्त हो चुके हैं एवं न्यायालय के बाहर आपसी राजीनामा हो गया है। उभयपक्षों ने बिना किसी डर दबाव के स्वेच्छयापूर्वक राजीनामा करना व्यक्त किया है। अतः आवेदन पत्र स्वीकार किया जाता है तथा प्रकरण की कार्यवाही समाप्त की जाती है।

आदेश की प्रति डिजीटल हस्ताक्षरित कर सी.आई.एस. में अपलोड की जावे।

उभयपक्ष अपना–अपना वाद व्यय स्वयं वहन करेंगे।

प्रकरण का परिणाम दर्ज कर विहित अवधि में अभिलेखागार भेजा जावे।

TABASSUM KHAN
Digitally signed by TABASSUM KHAN
Date: 2024.05.11 16:05:30 +0530

श्री चन्द्रशेखर पुरोहित
सुलहकर्ता
खण्डपीठ क0–23, नेशनल लोक अदालत

(श्रीमती तबस्सुम खान)
पीठासीन अधिकारी, नेशनल लोक अदालत
खण्डपीठ कमांक 23, सिवनीमालवा,
जिला–नर्मदापुरम म.प्र.